विज्ञापन सूचना का प्रारूप–

# कार्यालय
## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला – मुंगेली (छ.ग.)
*tele : 8103160257*
*email : nhmmungeli@gmail.com*

क्रमांक / एन.एच.एम. / एच.आर. / 2025–26 / 932 मुंगेली, दिनांक 5 / 02 / 2026

**–:: विज्ञापन सूचना ::–**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला–मुंगेली (छ.ग.) अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती किये जाने हेतु अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में दिनांक 23.02.2026 को कार्यालयीन समय से सायं 5:30 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय–मुंगेली के पास, रामगढ़, जिला–मुंगेली (छ.ग.) में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। निर्धारित अवधि एवं तिथि से विलंब से आवेदन स्वीकार नही होगें। विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें जिले की वेबसाइट **www.mungeli.gov.in** पर अवलोकन कर सकते हैं।

5/2/26
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–मुंगेली (छ.ग.)

5/2/26
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–मुंगेली (छ.ग.)

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला–मुंगेली (छ.ग.)

email: nhmmungeli@gmail.com

क्रमांक / एन.एच.एम. / 2026 / 931 मुंगेली, दिनांक 5 / 2 / 2026

## / / "संविदा भर्ती विज्ञापन" / /

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु जिला–मुंगेली के लिए स्वीकृत आर.ओ.पी. के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति, जिला–मुंगेली अंतर्गत निम्न लिखित पदों पर संविदा भर्ती किये जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। उक्त संविदा भर्ती से संबंधित समस्त संविदा नियुक्तियां एवं चयन प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी.) 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी। विज्ञापित पदों का विवरण निम्नानुसार है –

| S.N. | Post Name | Programme | Total Post Vacant | Vacant Post Roster | | | | Salary | Qualification |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | ST | SC | OBC | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Laboratory Technicians - DPHL | DPHL IDSP+ NPHCE | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 14000 | 1. Higher Secondary (10+2) in Biology with BMLT<br>2. A) Higher Secondary (10+2) in Biology with DMLT<br>B) Higher Secondary (10+2) Biology with Paramedical Technician one year certificate (CMLT) Registration in Paramedical council of India or Chhattisgarh Paramedical council. (First Prefrence will be given to BMLT) |
| 2 | Physiotherapist | NHM+ NPHCE | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 18000 | Bachelor's Degree in Physiotherapy (B.P.T) & Live Registration in Chhattisgarh Registration Council. |
| 3 | Pharmacists | RBSK | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 16500 | Degree or Diploma in Pharmacy (50%) Registration in Pharmacy Registration Council |
| 4 | Nutrition Counsellor/ Feeding Demonstrator - NRC | NRC | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12000 | Msc. Home Science/Bsc. Home Science . Experience of working in an equal and equivalent post will be preferred. |

5/2/26

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Aaya Bai | SNCU | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | 8800 | 8 th Passed |
| 6 | Cleaner | SNCU | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 8800 | 8 th Passed |
| 7 | Staff Nurse (12 Beded HDU/ICU), +(Pediatric Ward 30 Beded), NRC | PICU/ HDU | 27 | 13 | 3 | 7 | 4 | 16500 | B.Sc. Nursing Or GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Council Registration Council.(1 post (OL) for UR Categecy) |
| 8 | Nursing Officer | NPHCE | 12 | 6 | 1 | 3 | 2 | 16500 | B.Sc. Nursing Or GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Council Registration Council. |
| 9 | Audiologist | NPHCE | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 25000 | Bachelor of Audiology & Speech Language Pathology (BASLP)/ B.S.C. (Speech and Hearing) from RCI recognized Institute. |
| 10 | Counselor | NPHCE+ NHM | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 12000 | PG Degree/Diploma in Psychology/Conseling/Health Education/Mass Communication/MSW |
| 11 | Community Health Officer | AAM/ HWC | 10 | 6 | 1 | 2 | 1 | 16500 | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council |
| 12 | Counselor - Blood Bank | Blood Bank | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12000 | PG Degree/Diploma in Psychology/Conseling/Health Education/Mass Communication/MSW. Experience of working in an equal and equivalent post will be preferred. |
| 13 | Radiographer | NHM | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 15000 | 1. 10+2 passed with Science subject. 2. X-ray Technician/Radiographar course with Live Registration in CG paramedical Council. |
| 14 | Attandant - NPHCE (HA) | NPHCE | 4 | 3 | 0 | 0 | 1 | 8800 | 12 th Passed |
| 15 | Attandant - NPHCE (SA) | NPHCE | 4 | 3 | 0 | 0 | 1 | 8800 | 12 th Passed |

5/2/26

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | MPW (Male) - UHWC | NUHM | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 14000 | Must have passed Higher Secondary Examination (10+2) examination with Biology subject One year Dimploma in Multipurpose Worker Training or equivalent trainng from training center recognized by the state Government with registered in Chhattisgarh Paramedical Council. |
| 17 | Jr. Secretarial Assistant - NHM | NHM | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12000 | 12 th Passed with at Least 01 Year Computer Dimploma. |
| 18 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - UHWC | NUHM | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 12000 | 12 th Passed with at Least 01 Year Computer Dimploma. |
| 19 | Class - IV - UHWC | NUHM | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 10000 | 10 th Passed |
| 20 | Peer Supporter | NVHCP | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 10000 | The peer supporter should be a person preferably with or recoverd from the disease (hepatitis B or hepatitis C), with a minimum of intermediate (12th (from Science) level education. S/he must also have sound knowledge of the local language and working knowledge of English<br>OR<br>Family member/known of a person with or recovered from the disease (hepatitis B or hepatitis C) with a minimum of intermediate (12 th) from science) level education. |
| 21 | Block Data Manager | NHM | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 21000 | Graduate (55%) & PGDCA OR BCA (55%) |
| Total | | | 84 | 45 | 11 | 16 | 12 | | |

## जिला स्तरीय चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में नियम–शर्तें एंव दिशा निर्देश

1. **आवेदन पत्र/विज्ञापन के संबंध में :–**

 1.1 यह नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

1.2 विज्ञापित पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप व उक्त पदों की भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते व दिशा निर्देश एवं चयनित उम्मीदवारो की सूची तथा भर्ती संबंधी अन्य जानकारियां समय–समय मे जिले की वेबसाइट **https://mungeli.gov.in/** से देखी व डाउनलोड की जा सकेगी एवं अन्य किसी माध्यम से सूचना नहीं दिया जायेगा। समयानुसार अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी।

1.3 आवेदन पत्र के साथ स्वप्रमाणित समस्त दस्तावेज कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला – मुंगेली (छ0ग0) जिला अस्पताल के पास , रामगढ़, जिला – मुंगेली (छ.ग.) के पते पर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा दिनॉक 23.02.2026 को समय शाम 5.00 बजे तक आवेदन पत्र प्रेषित कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

1.4 निर्धारित तिथि व कार्यालयीन समय उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

1.5 विज्ञापित रिक्त पद हेतु प्रस्तुत आवेदन के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, संवर्ग स्पष्ट लिखा होना चाहिए। लिफाफे के ऊपर पद का नाम उल्लेखित नहीं पाये जाने की स्थिति में आवेदन को मान्य/अमान्य करने का अधिकार जिला चयन समिति को होगा।

1.6 अभ्यर्थी छ0ग0 का मूल निवासी होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1.7 अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे। प्रत्येक आवेदक को चाहिए की विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रूटीपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

1.8 उपरोक्त पदो पर आवेदन के समय समस्त शैक्षणिक दस्तावेज मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल/संस्था/ विश्वविद्यालय से निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं कम्प्यूटर से संबंधित डिग्री/डिप्लोमा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से होना अनिवार्य है।

1.9 आवेदन के साथ अनिवार्य/वांछित शैक्षणिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की पूर्ण अंकसूची की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

1.10 आवेदक एक से अधिक पदों के लिये आवेदन कर सकते है किन्तु पृथक–पृथक से आवेदन व शुल्क प्रस्तुत करना होगा, एक लिफाफा में 02 या अधिक आवेदन पाये जाने पर 01 ही आवेदन को मान्य किया जावेगा, जिसके लिए अभ्यर्थी द्वारा किया गया कोई दावा मान्य नही होगा। ऐसे प्रकरणों में केवल प्रथम आवेदन को ही मान्य किया जा सकेगा।

## 2. आवेदन शुल्कः–

| वर्ग | ऐसे विज्ञापित पद, जिनका संविदा वेतन प्रतिमाह रूपये 25000/– तक | ऐसे विज्ञापित पद, जिनका संविदा वेतन प्रतिमाह रूपये 25000/– से अधिक | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| दिव्यांग/अ.जा./अजजा/महिला | 100 | 200 | आवेदन शुल्क " District Health Society Non NHM |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 200 | 300 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनारक्षित संवर्ग | 300 | 400 | Other Fund NRHM " के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा |

2.1 आवेदन शुल्क **"District Health Society - Non NRHM - Other Fund A/c 32266834946"** के नाम पर ही डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा , जो कि भारतीय स्टेट बैंक के मुंगेली शाखा के नाम देय होगी ।अन्य किसी नाम से बनाये गये बैंक ड्राफ्ट मान्य नहीं किये जायेगें तथा ऐसे अभ्यर्थी को चयन हेतु अपात्र किया जायेगा।

2.2 बिना आवेदन शुल्क तथा निर्धारित राशि से कम राशि के आवेदन शुल्क वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया में अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा।

2.3 आवेदन शुल्क के रूप में बैंक से प्राप्त बैंक पर्ची, डिमांड ड्राफ्ट की फोटोकॉपी मान्य नहीं होगा। डिमांड डाफ्ट की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. **आरक्षणः—**

3.1. संविदा नियुक्ति के लिये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम का पालन किया जावेगा। छ0ग0 लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण ) अधिनियम, 1994 एवं उसके अधीन जारी नियम/निर्देश जो समय समय पर लागू होगें।

3.2. संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्ते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 एवं मानव संसाधन नीति 2018 के यथासंभव संशोधित नियमों के सभी नियम व शर्तो के अनुसार लागू होंगे।

3.3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जाति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी को अनारक्षित वर्ग में रखा जायेगा।

3.4. दिव्यांग आवेदको को छ.ग. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र./एफ/20–4/2014/आ. प्र./1–3 नया रायपुर, दिनांक 27.09.2014 अनुसार केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं/पदों में आरक्षण के लिए पात्र होगें जो कम से कम 40 प्रतिशत संगत दिव्यांगता से ग्रस्त हो, जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ उठाना चाहते है उन्हे समक्ष मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3.5. नर्सिंग केडर के दिव्यांग पद हेतु केवल (OL) एक पैर दिव्यांग ही पात्र होगें।

4. **आयु सीमा :—**

5/2/26

4.1 संविदा भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2026 से की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट सम्मिलित है।

5. **चयन प्रक्रिया :–**

5.1 चयन प्रक्रिया हेतु निम्नानुसार अंक निर्धारित है:–

| क्र. | विवरण | स्वीकृत पदनाम | चयन प्रक्रिया हेतु अंक निर्धारण |
|---|---|---|---|
| 01. | नर्सिंग केडर साक्षात्कार / कौशल परीक्षा | Community Health officer | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 65 अंक<br>2. कौशल परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव –10 / 15 / 20 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 02. | | Nursing Officer | |
| 03. | | SN (HDU/PICU/NRC/ Pediatric) | |
| 04. | पैरा मेडिकल स्टाफ हेतु साक्षात्कार / कौशल परीक्षा | Physiotherapist (NHM) | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 65 अंक<br>2. कौशल परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव –10 / 15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 05. | | Counselor | |
| 06. | | Laboratory Technicians (DPHL/BPHU) | |
| 07. | | Radiographer (NHM) | |
| 08. | | Pharmacist (RBSK) | |
| 09. | | MPW(M) | |
| 10. | | Audiologist | |
| 11. | | Peer Supporter | |
| 12. | कम्प्युटर आधारित कौशल परीक्षा | Jr. Secretarial Assistant (NHM) | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 65 अंक<br>2.कौशल परीक्षा –20अंक<br>3. अनुभव –10 / 15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 13. | | Jr. Secretarial Assistant – LDC-UHWC | |

5/2/26

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | मेरिट के आधार | Class 4/Cleaner/ Aaya Bai | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10 / 15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |

(Class 4 – Class4, Aaya Bai & Cleaner पद पर आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यर्थी, जो ग्रेडिंग सिस्टम से उत्तीर्ण हैं, वे संबंधित स्कूल/विभाग के प्राचार्य/प्रधान पाठक/उच्चाधिकारी से हस्ताक्षर एवं सील युक्त, प्राप्तांक व पूर्णांक की जानकारी प्राप्त कर, आवेदन में संलग्न करें। आवेदन के साथ प्राप्तांक व पूर्णांक वाली अंकसूची प्रस्तुत नहीं करने पर अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा।)

5.2 **Community Health Officer (CHO)** के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन पर अंकित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी (बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक नर्सिंग के अंतिम वर्ष की अंकसूची में अंकित एग्रीगेट अंक को आवेदन में भरा जावे) इसी मेरिट के आधार पर अभ्यार्थियों का चयन किया जावेगा।

5.3 **Community Health Officer (CHO)** के पद पर ऐसे अभ्यर्थी जो सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम ( B.Sc.Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (Post Basic B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण हो उन्हे विज्ञापन में संलग्न Appendix-1 अनुसार Integrated Course उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से हस्ताक्षर कराकर आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

5.4 **Community Health Officer (CHO)** पद हेतु नर्सिंग काउसिलिग में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य हैं, छ.ग. नर्सिंग काउसलिंग मे जीवित पंजीयन नही होने की स्थिति में चयन के पश्चात् 45 दिवस का समय प्रदान किया जावेगा। पंजीयन हेतु जमा की गई चालान/रसीद की फोटोकॉपी संलग्न किया जाना है।

5.5 चयन प्रक्रिया हेतु अंको का निर्धारण विज्ञापन में संबंधित पद अनुसार मापदण्ड अनुरूप दिया जायेगा।

5.6 कौशल परीक्षा – 20 अंक ( पद के अनुरूप लिखित/मौखिक साक्षात्कार/कंप्यूटर आधारित परीक्षा/वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर आदि के माध्यम से चयन समिति के द्वारा कौशल परीक्षा ली जा सकेगी।

5.7 कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित कुल अंको का 40 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा 40 प्रतिशत अंक अर्जित नही करने की दशा में अभ्यर्थी को अपात्र माना जायेगा। आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा जिला मुख्यालय में ली जावेगी। जिसमें सम्मिलित होने के

5/2/26

लिए अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता भुगतान नहीं किया जावेगा।

5.8 आवश्यकतानुसार साक्षात्कार/कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची तथा परीक्षा स्थान की जानकारी एवं भर्ती संबंधी अन्य जानकारियॉ समय-समय पर जिले की वेबसाइट **https://mungeli.gov.in/** एवं कार्यालयीन सूचना पटल में उपलब्ध कराई जावेगी।

5.9 मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा।

5.10 चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी भी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन/चयन अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

5.11 प्राप्त आवेदनो में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा।

| **क्र.** | **कुल विज्ञापित पदो की संख्या** | **स्क्रीनिंग/कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 51 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

5.12 समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों के जन्म तिथि को आधार मानकर वरियता निर्धारित की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी, उसे वरियता प्रदान की जावेगी।

## 6 संविदा अवधि /वेतन निर्धारण :-

6.1 यह नियुक्ति संविदा आधार पर दिनांक 31 मार्च 2026 तक के लिए की जावेगी। यदि किन्ही कारणों से भर्ती प्रक्रिया 31 मार्च 2026 से आगे अवधि तक चलती है, तब ऐसी स्थिति में संविदा नियुक्ति 31 मार्च 2027 तक की अवधि तक के लिए मान्य होगी। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सेवा अवधि में वृद्धि की जा सकती है। भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर0ओ0पी0 में स्वीकृति के आधार पर ही संविदा सेवा अवधि में वृध्दि की कार्यवाही की जावेगी।

6.2 संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त संविदा वेतन व अन्य राशि प्रावधानित ROP अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

6.3 चयनित अधिकारी/कर्मचारी का कार्य संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा एक माह के अग्रिम नोटिस या एक माह का वेतन देकर किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकेगी **अथवा अधिकारी** /कर्मचारी एक माह पूर्व नोटिस या एक माह का वेतन जमा कर स्वयं पद त्याग **कर सकता है।**

6.4 **सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी** (संविदा) के रूप में कार्य करने के दौरान प्रतिमाह राशि 16500/- (सोलह हजार पांच सौ रूपये मात्र) वेतन एकमुश्त एवं साथ में कार्य प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि (Performance Based Incentive) प्रतिमाह अधिकतम राशि रूपये 15000/- तक दी

5/2/26

जायेगी। इस संबंध में मिशन संचालन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश लागू होंगें।

7 **अनुभव संबंधी नियम/शर्तें :–**

7.1 अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं के ही मान्य होंगे। आवेदित पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 02 अंक तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को पद से संबंधित कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष हेतु प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यानुभव का अंक तभी प्रदान किया जायेगा, जब अनुभव प्रमाण पत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने का स्पष्ट उल्लेख हो।
ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिए अधिकतम 20 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 4 अंक) (31 दिसम्बर 2017 तक पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण मितानिनों के लिए लागू होगा। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर द्वारा जारी अनुभव प्रमाण ही मान्य होगा।)

7.2 कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान SDRF/DMF/CSR/JDS मद से छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं एक वर्ष में 06 माह तक सेवा देने वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को 10 बोनस अंक दिया जाना है एवं सामान्य स्थित में नियुक्त संविदा (अनियमित) कर्मचारी है उन्हे अनुभव के अधिकतम 15 अंक तक दिया जाना है। इस प्रकार एक ही कर्मचारी को दोनो अनुभव के अंक नही दिया जावेगा।
(जिन्हे शासकीय मद से सेवा अवधि का मानदेय दिया गया है।)

7.3 अनुभव प्रमाण पत्र में किसी प्रकार का ओवरराईटिंग/त्रुटिपूर्ण होने की स्थिति में अमान्य कर दिया जायेगा। अनुभव प्रमाण पत्र मे केवल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के हस्ताक्षर से मान्य होगा।

7.4 अनुभव में अंको की गणना वर्षो के गुणांक के आधार पर (वर्ष पूर्ण होने पर) ही दिया जावेगा तथा 12 माह से कम होने पर अंको की गणना नही की जावेगी।

7.5 अनुभव आवेदित पद अनुसार संबंधित क्षेत्र/समान कार्य प्रकृति का होना चाहिये।

7.6 आवेदन के साथ नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। वर्तमान में कार्यरत होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रमाण पत्र में जारीकर्ता कार्यालय का जावक क्रमांक व तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

7.7 निशुल्क अनुभव प्रमाण पत्र को मान्य नहीं किया जायेगा तथा नियोक्ता/सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जायेगा। अनुभव अकं हेतु संबधित नियुक्ति पत्र आवेदन मे संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा अनुभव अकं नही दिया जाऐगा।

8 **अंतिम चयन सूची**

कौशल परीक्षा हेतु

8.1 **शैक्षणिक योग्यता + अनुभव अंक**

अंतिम चयन सूची

8.2 **शैक्षणिक योग्यता + अनुभव अंक + कौशल परिक्षा/साक्षात्कार अंक**

5/2/26

प्रतीक्षा सूची:–

9.1 विज्ञापित पदों के लिए प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैधता सूची प्रकाशन तिथि से न्यूनतम 01 वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने (जो पहले हो) तक होगी।

9.2 प्रतीक्षा सूची हेतु कुल विज्ञापित पदों के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 26 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत् अभ्यर्थियों को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा, ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सकें।

9.3 प्रतीक्षा सूची में वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की संख्या में वृध्दि करने के लिये चयन समिति सक्षम रहेगा।

**10 दस्तोवज सत्यापन :–**

10.1 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दिये गये समस्त प्रविष्टियां मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिये। अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात दस्तावेज जॉच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी अथवा भ्रामक हो, तो उन्हें अंतिम चयन सूची में सम्मिलित नहीं किया जायेगा, चयन के पूर्व/पश्चात् किसी भी समय, किसी भी पक्ष की ओर से जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर उनका चयन निरस्त किया जायेगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय नियुक्तिकर्ता का होगा।

10.2 मूल आवेदन के साथ समस्त वांछित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है तथा भर्ती प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज सत्यापन के समय निम्न अभिलेखो के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है –

- आठवीं की अंकसूची।
- दसवीं की अंकसूची।
- बारहवीं की अंकसूची।
- स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षो की अंकसूची।
- संबधित डिग्री।
- मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर की डिप्लोमा/डिग्री की अंकसूची।
- संबधित काउंसिल/मण्डल का पंजीयन प्रमाण पत्र।
- सक्षम अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र।
- मूल निवास प्रमाण पत्र।
- दिव्यांग प्रमाण पत्र। (यदि हो तो)
- अनुभव प्रमाण पत्र ।(यदि हो तो)
- वर्तमान नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र (लागू हो तो)।
- पहचान पत्र (आधार/वोटर कार्ड/पैन कार्ड/डायविंग लाइसेंस/अन्य)
- अन्य

(उपरोक्त कम अनुसार ही अभ्यर्थी स्वप्रमाणित वांछित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगें।)

**11. अन्य नियम एवं शर्तें:–**

5/2/26

11.1 संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी के साथ राशि रू. 50/- के गैर न्यायिक बंध पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा। अनुबंध के निष्पादन पर होने वाला व्यय चयनित अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जायेगा।

11.2 नियोक्ता के साथ करार पत्र (संविदा पत्र) निष्पादन करना अनिवार्य होगा।

11.3 विज्ञापन तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत कर अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा तथा इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं किया जायेगा।

11.4 दावा आपत्ति आवेदन हेतु दावा आपत्ति मंगाये जाने के समय निर्धारित प्रारूप जारी किया जावेगा। उक्त निर्धारित प्रारूप में ही दावा आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे। दावा आपत्ति हेतु निर्धारित तिथि के बाद किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

11.5 दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। मूल आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों के आधार पर दावा आपत्ति निराकरण की कार्यवाही की जावेगी एवं दावा आपत्ति में केवल लिपिकीय त्रुटि का ही सुधार किया जायेगा।

11.6 विज्ञापन व भर्ती प्रक्रिया के समय तथ्यात्मक/लिपिकीय/रिक्तियों/टंकन आदि संबंधित त्रुटि सुधार किया जा सकेगा, जिसकी सूचना विधिवत प्रकाशित किया जावेगा।

11.7 नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जावेगी।

11.8 भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला स्तरीय चयन समिति को होगा।

11.9 विज्ञापित पदों की संख्या में किसी भी परिस्थिति में परिवर्तन नहीं किया जावेगा। विशेष कारणों से विज्ञापित पद अथवा संपूर्ण विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकारी चयन समिति को होगा।

11.10 आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों का विवरण आवेदन पत्र में उल्लेख करना अनिवार्य है।

12 योग्य उम्मीदवार नहीं होने की दशा में चयन समिति द्वारा भर्ती निरस्त कर पुनः पद विज्ञाप्ति कराया जा सकता है।

13 ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवायें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/किसी भी शासकीय/अर्ध्द शासकीय विभाग/शासन द्वारा वित्त पोषित संस्था द्वारा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण से सेवा समाप्त की गई है, उन्हें अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।

14 विज्ञाप्ति पदों में बैकलाग पद शामिल है।

15 भर्ती एवं सेवा अवधि के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जारी "मानव संसाधन नीति 2018" एवं मानव संसाधन नीति 2018 के यथासंभव संशोधित नियमों तथा उच्च कार्यालय द्वारा समय समय पर जारी दिशा-निर्देश आदि मान्य होगें।

5/2/26

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-मुंगेली (छ0ग0)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

**आवेदित पद का नाम–.............................................. पद क्रमांक ..................................**

**आवेदन हेतु जाति वर्ग–..............................................................(स्पष्ट उल्लेख करें)**

स्वयं हस्ताक्षरित पासपोर्ट साइज फोटो (वर्तमान की फोटो)

**प्रति,**

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला–मुंगेली, छत्तीसगढ़**

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :....................................................................................
.............................................................................................................................
(अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :....................................................................................
2. पिता/पति का नाम :....................................................................................
3. माता का नाम :....................................................................................
4. (अ) जन्म तिथि (अंको में) :वर्ष..........................माह.......................दिनांक....................................
(ब) आयु 1 जनवरी 2026 की स्थिति मे : वर्ष..........................माह.......................दिन.........................
5. जाति (सामान्य/अनु.जाति/जन.जाति/अ.पि.वर्ग):..............................................................
(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. लिंग (पुरूष/महिला/अन्य) :....................................................................................
7. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नहीं :.............................................................
(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. क्या आप दिव्यांग श्रेणी के हैं (हॉ/नहीं):....................................................................
दिव्यांगता का प्रतिशत एवं प्रकार :....................................................................
9. भूतपूर्व सैनिक हॉ/नहीं :...............................(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
10. स्थायी निवास का पता :....................................................................................
:....................................................................................
:....................................................................................
:....................................................................................
11. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :....................................................................................
:....................................................................................
:....................................................................................
:....................................................................................
मोबाईल नं.: ..............................दूरभाष नं.......................................
ई–मेल आई.डी....................................................................................
12. रोजगार कार्यालय का नाम : ....................................................................................
जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक :.............................................................
13. आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट का विवरण: डी.डी. क्रमांक.................................दिनांक.............................
बैंक का नाम.................................राशि रू..............................

14. अन्य विज्ञापित पदों पर आवेदन किया गया है : हाँ / नहीं........................................................

यदि हाँ तो पद का नाम : ....................................................................................

13. शैक्षणिक योग्यता :– (वांछित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावें)

शैक्षणिक योग्यता की जानकारी गलत / अधूरा भरा जाने पर आवेदन निरस्त किया जावेगा।

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षो का पूर्णांक | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षो का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

15. यदि संबंधित क्षेत्र में कार्य का वांछित अनुभव हैं, अनुभव का विवरण निम्नलिखित देवें :–

(निजी संस्था का या अपूर्ण अनुभव प्रमाण पत्र मान्य नही किया जावेगा।)

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव तिथि | | | नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव / अनापत्ति प्रमाण पत्र क्र. व दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | कुल वर्ष | |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |

16. क्या आप विवाहित है। (हॉ / नही) :..........................................................................

यदि हाँ तो विवाह की तिथि .................................. जीवित बच्चों की संख्या ..................................

17. संलग्न स्वप्रमाणित प्रमाणपत्रों की सूची (निम्नांकित क्रम में आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें)

1. बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति
2. आवेदन पत्र
3. दसवीं / बारहवीं की अंकसूची प्रमाण पत्र
4. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षो का)
5. कंप्यूटर योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र
6. रोजगार पंजीयन
7. संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र
8. जाति प्रमाण पत्र
9. मूल निवास प्रमाण पत्र
10. दिव्यांग प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
11. अनुभव प्रमाण पत्र

12. भूतपूर्व सैनिक / स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से संबंधित प्रमाण पत्र

13. अन्य

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएगें ।

स्थान ..................

दिनांक....................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम.............................................

पूर्ण पता....................................